# Major Events organized by NSS in the year 2011-2012

**1 “Ak Paryas” Sarva Shiksha Abhiyan for Slam Children (23-04-11 to 23-05-11)**

NSS of GJUS&T has launched the programme titled “AK PARYAS” from 23-04-20111 to 23-05-2011 for the helping the poor children to take admission in school under the right to education act (RTE). NSS volunteers help the needy people in this regard.



## मिशन एडमिशन के लिए 'एक प्रयास' अभियान शुरू

भास्कर न्यूज़ | हिसार

सरकारी स्कूलों में बच्चों को दाखिला कराने के लिए शिक्षा विभाग नया प्रयोग करने जा रहा है। अभियान को 'एक प्रयास' नाम दिया गया है। इसमें अध्यापकों के साथ जीजेयू के एनएसएस कार्यकर्ता भी अभिभावकों को सरकारी स्कूलों की खासियतों के बारे में बताएंगे।

डॉ. अंबेडकर जयंती पर शनिवार को जीजेयू में हुए कार्यक्रम में कुलपति डॉ. एमएल रंगा और जिला शिक्षा अधिकारी मित्रसेन मल्होत्रा ने इस अभियान की शुरूआत की। अभियान 15 मई तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी मित्रसेन मल्होत्रा बताते हैं कि डॉ. अंबेडकर ने सबको समान और निशुल्क शिक्षा की बात कही थी। यही बात शिक्षा का अधिकार कानून (कानून) में कही गई है। विभाग की तरफ से सर्व शिक्षा अभियान के तहत जहां पहली से आठवीं कक्षा तक निशुल्क शिक्षा का प्रावधान है, वहीं मिड डे मिल, छात्रवृति और पा ्य सामग्री जैसी सुविधाएं निशुल्क दी जाती हैं। इस अभियान के तहत अध्यापक और एनएसएस कार्यकर्ता जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर घर जाकर बच्चों को स्कूलों तक लाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करेंगे। इस अभियान में स्कूल स्तर पर गठित एनएसएस यूनिटों का सहयोग भी लिया जाएगा।

### ऐसे चलेगा अभियान

- बच्चों के स्कूल न आने का कारण जानना।
- अभिभावकों से मिलकर उनकी समस्याओं का पता करना।
- अभिभावकों की समस्याओं को दूर करना।
- स्कूलों में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देना।
- स्कूलों में अधिक से अधिक नामांकन के लिए रैलियां निकालना।

## 2. HIV/AIDS workshop at Truck Union (27-04-2011)

The NSS unit of GJUS&T has organized an awareness programme for prevention of HIV/AIDS for drivers on dated 13-04-2011. The work shop particularly for truck drivers on the site of truck union with the help of district civil hospital, Hisar. Dr. M.L. Ranga, Vice-Chancellor of the univiresty inaugurated the work shop. Dr. Sandeep Rana, coordinatorNSS, Dr. Ashok Choudhary (Deputy CMO, Hisar) and NSS volunteers provided the information to the truck drivers



एड्सग्रस्त लोगों के प्रति व्यवहार बदलें : रंगा

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आज एचआईवी एडस से बचाव के बारे में ट्रक यूनियन, दिल्ली सेड़ पर चालकों के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया। इस शिविर का उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एमएल रंगा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस जागलान, प्रो. एमएस तुरान, प्रो. कुलदीप बंसल, डिप्टी, सीएमओ डा अशोक चौधरी, विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा. संदीप राणा, डा. दीपक केडिया, डा. जसप्रीत कौर व ट्रक यूनियन के प्रधान देवेन्द्र लाडा सहित विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे। इस जागरूकता शिविर में 100 से अधिक चालकों ने भाग लिया और एडस के विभिन्न पहलूओं पर जानकारी प्राप्त की। कुलपति डा. रंगा ने कहा कि समाज में लोगों को एडस से ग्रसित रोगियों के प्रति व्यवहार बदलना होगा ताकि इस बिमारी से मिलजुल कर लड़ा जा सके। उन्होने कहा कि असुरक्षित यौन संबध एडस जैसी बिमारी के फैलाव का सबसे बड़ा कारण है। उन्होने कहा कि एडस रोग होने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी देखा गया है कई इंजेक्शन लगाने वाले एक ही सुई का इस्तेमाल कई मरीजों पर करते है और परिणाम घातक होते है। डिप्टी सीएमओ डा. अशोक चौधरी ने इस बिमारी के कारणों व बचाव के विभिन्न पहलूओं पर विस्तार से चर्चा की। जिनमें मुख्यतः असुरक्षित यौन संबध, असुरक्षित रक्त, नशीले पदार्थो का सेवन, इंजेक्शन का पुनः इस्तेमाल इत्यादि बातों पर विस्तार से चर्चा की।

पंजाब केसरी - 27-4-11

## 3. Cultural programme "AK SHYAM RASHTRA KE NAAM" (27-09-2011)

NSS organized a patriotic cultural program on 27/09/2012 on the occasion of "SHAHIDI DAWAS". Honorable vice chancellor Dr. M.L. Ranga was the chief guest. Various activities were organized during the function like speeches, patriotic solo songs, solo dances, group dances.



## 4. World AIDS day Red Ribbon campaign (01-12-2011)

Red Ribbon campaign in university campus and outside the university on world AIDS Day, NSS volunters of the university distributed around 7000 red ribbons and formed a human chain. Our Hon'ble V.C Dr. M.L, Ranga addressed all volunteers and motivated them to create awareness about AIDS among general public particularly among drivers, slum areas etc.



## 5 National Voters Day (25-01-2012)

NSS Volunteers and university employees (Teaching and Non Teaching) had taken an oath on National voters day and a signature campaign was organized to aware university students about their right to vote.




## 6 Seven days camp at village kamari (09-01-12 to 15-01-12)

National Service Scheme of Guru Jambheshwar University of Science & Technology has organized a seven day camp from 09-01-2011 to 15-01-2011 at village Kamari. The basic objective of the camp was to sensitize the volunteers for the problems of rural people, to inculcate the feeling of self-extension, citizenship behavior, empathy and self sufficiency. A survey was conducted in the village to know the rural fabric and to know the problems of the villagers. The major activities organized during the camp were work shop on career counseling, awareness rally on female feticide, alcohol and drug-De –addiction, environmental, documentary and discussion on the relevance of gram sabha with the village people, health camp, cleanliness drive, first aid training, and documentary on the life of Viveka Nand ji on youth day. People from district administration provided the information related to welfare schemes to the village people and volunteers.

# अहम को छोड़ टीम बने भावी इंजीनियर





हिसार : कैमरी गांव में एनएसएस शिविर के तहत जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। जागरण

**प्रबंधन**

- गुजवि विद्यार्थियों का गांव कैमरी में एनएसएस शिविर
- नैतिक मूल्यों के साथ-साथ बढ़ता है सोच का दायरा

हिसार, वरिष्ठ संवाददाता : समाज सेवा शब्द सुनने में बेशक काफी बड़ा लगता हो, लेकिन यह इंसान के व्यक्तित्व विकास की एक अहम कड़ी भी है। ऐसे ही कुछ कार्यों से विद्यार्थियों में प्रबंधन, नैतिक मूल्य व एक्सपोजर का पाठ पढ़ा रहे हैं शहर में चल रहे एनएसएस शिविर।

इसी कड़ी में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने गांव कैमरी में सात दिवसीय शिविर लगाया है। बायो मेडिकल, प्रिंटिंग, मेकेनिकल, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक कर रहे देश के भावी इंजीनियर किसी के आदेश, डांट-डपट के बर्तन मांजते हुए दिखते हैं तो कभी गांवों की गलियों में झाड़ू लगाते हुए दिखाई देते हैं।

यह भावी इंजीनियर अपना मैं मतलब अहम छोड़कर हम यानी टीम बनकर हर काम को अंजाम दे रहे हैं। केवल यहीं नहीं ग्रामीणों के दरवाजे पर जाकर उनकी समस्याओं व परेशानियों के बारे में जानकर उनका समाधान ढूंढ़ना भी इस शिविर की एक कड़ी है।

वैसे तो ऐसे शिविर केवल पौधरोपण या फिर सफाई अभियान तक ही सीमित रहते है, लेकिन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए कॅरियर काउंसलिंग व महिलाओं के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन कर इसे नया रूप देने का प्रयास किया है।

## 'दूसरों को रास्ता दिखाकर खुशी मिलती है'


अलिशा


सोनाली



गीतिका


निशा


पिंकी


नैना


राहुल


अमित


रोहताश


सीताराम


सोमपाल


भुवनेश

हिसार : शिविर में भाग ले रही सोनाली, गीतिका, निशा, पिंकी, नैना व अलिशा का कहना है कि बेशक घर पर काम करने से जी चुराते हो, लेकिन यहां आने के बाद हर काम के लिए अपने आप तुरंत हाथ-पांव चलने लगते हैं।

काम के लिए कोई किसी का इंतजार नहीं करता बल्कि एक-दूसरे को सहायता करने के लिए हमेशा आगे रहता है। इन शिविरों से हमें सेल्फ मैनेजमेंट, जिम्मेदारी का अहसास, एकजुटता का माहौल और काम करने की भावना मिलती है। इसी प्रकार सोमपाल, सीताराम, राहुल, अमित पुरुषोत्तम, रोहताश व भुवनेश का कहना है कि जब हम गांव की गलियों में जाकर सफाई करते हैं, कूड़ा उठाते है तो हमें देखकर ग्रामीण भी सफाई में जुट जाते हैं। दूसरों को रास्ता दिखाकर बड़ा सुकून मिलता है। इसके अलावा सामाजिक सोच का दायरा बढ़ता है और अपना काम स्वयं और अच्छी प्रकार से करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान कोई भी स्वयंसेवक कमजोर कड़ी नहीं बनना चाहता। हर कोई चाहता है कि वह अपनी बेस्ट से बेस्ट परफार्मेंस दें।

### स्वच्छता का दिया संदेश

हिसार : मंगलवार को विद्यार्थियों ने जल सरंक्षण, भ्रूण हत्या, पर्यावरण संरक्षण जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर गांव में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों ने गांव की हर गली में जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह सैनी, एनएसएस यूनिट के इंचार्ज डॉ. संदीप राणा व प्रो. गुगनराम गोदारा भी उपस्थित थे।

### एनएसएस शिविर का आयोजन

हिसार, जागरण संवाद केंद्र : राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्यनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र सिंह नेहरा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस शिविर के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय में भी 50 से अधिक छात्राओं ने श्रमदान किया। इस मौके पर सूरज इंदल, दीपक कुमार, रणसिंह, केलापति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

दैनिक जागरण
11.1.2012

## 7. **Two days workshop on HIV/AIDS (21-02-2012 to 22-02-2012)**

NSS of GJUS&T organized two days workshop on HIV/AIDS prevention “Youth against HIV/AIDS” with the help of Haryana AIDS control society, Panchkula. With the objective to make students aware about the vulnerable beliefs and behaviors towards HIV infection, and how to modify such cognitions and behaviors individually, at family level, school level and societal level. The event covers the following activities poster competition for HIV/AIDS awareness, poster display of HIV risk factors (parental, peer-related, societal, psychological, behavioral, physiological, medical, etc.), poster display of health beliefs in HIV risk behavior, poster display of behavior modification for HIV risk behavior, information regarding HIV/AIDS control societies, posters highlighting the barriers in reducing HIV/AIDS, lectures and discussion on HIV/AIDS prevention by experts. More than 2000 students of the universities participated in the programme.  Dr. Sandeep Rana, NSS Coordinator, appealed the youth for saving the Nation from this disease and highlights the relevance of positive and healthy life styles.



## गुजवि में यूथ अगेंस्ट एचआईवी पर सेमिनार

# युवा करें अहम् बदलाव



हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते गुजवि के कुलपति डा. एमएल रंगा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डा. एमएल रंगा ने कहा है कि देश का युवा ही

**■ एड्स रोगियों की संख्या में भारत दूसरे नम्बर पर**

हमेशा बड़े बदलावों का कारण बना है। एड्स नियंत्रण में भी युवाओं को ही अहम भूमिका निभानी होगी। इसके लिए हिन्दुस्तान का युवा तैयार है। डा. रंगा विश्वविद्यालय के लड़कों के छात्रवास नम्बर 3 में "यूथ अगेंस्ट एचआईवी" विषय पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की एनएसएस युनिट व हरियाणा एड्स नियंत्रण सोसायटी के द्वारा किया गया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस जागलान ने की। डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. एमएस तुरान विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस युनिट के प्रभारी डा. संदीप राणा ने किया।

डा. रंगा ने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता के अनुसरण से हमने कुछ बुराइयां भी ग्रहण कर ली। एड्स उनमें से एक है। उसके बावजूद वर्तमान समय इस विषय पर चिंतन का है। युवाओं को चाहिए कि इस मुद्दे पर एक बड़ा जनजागृति अभियान चलाएं। उन्होंने हेयर ड्रेसर की दुकानों पर एक ग्राहक के साथ एक ही ब्लेड का प्रयोग करने व एड्स कंट्रोल करने के लिए पूरे देश में एक ही टॉल फ्री नम्बर प्रयोग किए जाने का सुझाव भी दिया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस जागलान ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य तथ्यों को तलाशना, उनको सिद्ध करना और उसके बाद उनका फैलाव करना है। विश्वविद्यालय की एनएसएस युनिट इस कार्य को बखूबी निभा रही है। भारत में 54 प्रतिशत युवा हैं। उन्होंने युवाओं को अपनी सेहत सुधारने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एड्स नियंत्रण में युवाओं की भागीदारी सबसे अधिक हो सकती है।

प्रो. तुरान ने कहा कि भौतिक विकास के साथ-साथ कुछ बिमारियां भी आ गई। जिन पर समय रहते नियंत्रण किया जाना बहुत जरूरी है। डा. संदीप राणा ने कहा कि भारत में दुनियां के सबसे ज्यादा युवा हैं। साथ ही भारत दुनियां का ऐसा दूसरा देश है जिसमें सबसे ज्यादा एड्स रोगी हैं। समारोह को हरियाणा एड्स नियंत्रण सोसायटी के सुनील कुमार व सामान्य अस्पताल के डॉ. नरेश सत्संगी, डा. संतोष व डा. बलकार ने भी सम्बोधित किया। एनएसएस युनिट के स्वयंसेवक निशांत व सोमपाल ने मंच संचालन किया।

### गुजवि टीम ने बाजी मारी

हिसार। 16 से 19 फरवरी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में एनआईटी कुरुक्षेत्र में "कॉनफ्लूयंस" राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक विश्वविद्यालयों की टीमों ने अलग-अलग विधाओं में भाग लिया। इसमें मुख्य तौर पर सभी विधाओं में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की टीम ने बाजी मारी और अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कुल 7 विधाओं में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की टीम धूम रही। एकांकी में "बेस्ट स्क्रीप्ट अवार्ड" व "बेस्ट एक्टर अवार्ड" विशाल को तथा "बेस्ट एक्ट्रैस अवार्ड" सूरभि गोयल को दिया गया। इसके साथ-साथ एकल नृत्य में सायरा चौधरी ने द्वितीय स्थान पाया। वेस्टर्न एकल गायन में कण्व शर्मा ने प्रथम स्थान पाकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया और अभिमन्यू ने ड्रम सहित संगत में प्रस्तुति दी।

हरिभूमि

22.2.2012

## 8. National integration camp“ Youth to the edge Camp”

Four NSS volunteers namely Ms. Geetika, Ms. Naina, Mr. Nishant ( Deptt of Computer Science & Engg.) , Mr. Tarun ( Deptt of Bio-Medical Engg.) participated in the “ Youth to the edge Camp” organized by the NSS wing of Ministry of Youth Affairs & Sports in collaboration with the ministry of Development of North Eastern Region held at Hayuliang, Arunachal Pradesh from April 13, to April 20,2012. Two NSS volunteers namely Ms. Geetika in the female category and Mr. Tarun in the male category declared the best campers in the event and received the appreciation certificates. On this achievement of students Dr. M.L.Ranga, Vice Chancellor of the university, Dr. Sandeep Rana, Programme Coordinator, NSS congratulated the volunteers. Mr. Anil Bhankur & Dr. Preeti Prabhakar , programme officers NSS were also present on the occasion.

### नैशनल एन.एस.एस. शिविर में गु.ज.वि. छाया

**महिलाओं में गीतिका व पुरुषों में तरुण रहे सर्वश्रेष्ठ**



*राष्ट्रीय स्तर के एन.एस.एस. कैम्प में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों के साथ गु.ज.वि. कुलपति डा.एम.एल. रंगा।*

हिसार, 26 अप्रैल (ब्यूरो): गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा कुमारी गीतिका को महिला वर्ग में तथा बायो मैडीकल इंजीनियरिंग विभाग के तरुण कुमार को पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के एन.एस.एस. कैम्प में श्रेष्ठ कैम्पर चुना गया है। यह शिविर केंद्र सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की एन.एस.एस. शाखा के सौजन्य से अरुणाचल प्रदेश में आयोजित किया गया था।

कुलपति डा. एम.एल. रंगा व कुलसचिव प्रो. आर.एस. जागलान ने गुरुवार को इन विद्यार्थियों का सम्मान किया। डा. रंगा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के शिविर में एक ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के दोनों वर्गों में श्रेष्ठता सिद्ध करना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

शिविर कैम्प में विश्वविद्यालय की ओर से एन.एस.एस. की कुमारी नैना व निशांत ने भी भाग लिया था। कैम्प में भाग लेने वाले ये विद्यार्थी हरियाणा प्रदेश के 30 सदस्यीय युवा दल में शामिल थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट के प्रोग्राम आफिसर्स अनिल भानखुड़, डा. प्रीति प्रभाकर व जनसम्पर्क अधिकारी बिजेन्द्र सिंह दहिया उपस्थित थे।

पंजाब केसरी

(27-04-12)

## 9. Pulse polio Campaign (15.04.2012 to 17-04-2012)

National Service Scheme of GJUS&T participated in the Pulse Polio Campaign organized by District administration, Hisar from 15.04.2012 to 17.04.2012. NSS volunteers administered Polio drops to city children at various public places in coordination with the personnel of civil hospital. During three days the NSS volunteers launched door to door campaign for Polio drops.

